www.kautilyaacademy.com

/Kautilyaacademy

# कौटिल्य एकेडमी

IAS, IPS, MPPSC

अंतर्राष्ट्रीय

राष्ट्रीय

विज्ञान

अध्ययन

पर्यावरण

राजव्यवस्था

योजना/ नीति

कला-संस्कृति

अर्थव्यवस्था

सामाजिक मुद्दे



# डेली करेंट अफ़ेयर्स

30 मई 2024

# प्रवाह पोर्टल

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (Reserve Bank Of India) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने तीन नई सेवाएं शुरू की हैं। केन्द्रीय बैंक ने प्रवाह पोर्टल (PARVAAH Portal), नए रिटेल डायरेक्ट मोबाइल ऐप और फिनटेक रिपोजिटरी लॉन्च किया है।

जानकारी के लिए बता दें कि इन तीनों पहलुओं की घोषणा आरबीआई ने विकास और नियामक नीतियों पर इप-उवदजीसल स्टेटमेंट के हिस्से के रूप में की थी।

## प्रवाह पोर्टलः-

- प्रवाह (विनियामक आवेदन, सत्यापन और प्राधिकरण के लिए मंच) पोर्टल भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा शुरू किया गया एक सुरक्षित और केंद्रीकृत वेब- आधारित पोर्टल है।
- यह व्यक्तियों या संस्थाओं को विभिन्न विनियामक अनुमोदनों के लिए सहजता से ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा प्रदान करता है।
- पोर्टल का उद्देश्य RBI द्वारा विनियामक अनुमोदन और स्वीकृति देने से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं की दक्षता को बढ़ाना है।




- यह प्राधिकरण, लाइसेंस या विनियामक अनुमोदन प्राप्त करने के लिए एक सुव्यवस्थित तंत्र प्रदान करता है।
- यह RBI के साथ विनियामक बातचीत के लिए एक केंद्रीकृत मंच प्रदान करके विनियामक पारदर्शिता में योगदान देता है।
- यह विनियामक अनुमोदन प्रक्रिया में अधिक जवाबदेही और मानकीकरण को बढ़ावा देता है।
- रिटेल डायरेक्ट मोबाइल ऐप खुदरा निवेशकों को जी-सेक में लेनदेन करने में सहजता प्रदान करेगा।
- फिनटेक रिपॉजिटरी में भारतीय फिनटेक फर्मों के डेटा की जानकारी होगी।

# राष्ट्रीय अभिलेखागार

हाल ही में, मस्कट में भारतीय दूतावास और भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार (एनएआई) ने ओमान में प्रवासी भारतीयों के ऐतिहासिक दस्तावेजों को संग्रहित करने के लिए अपनी तरह की पहली परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा किया।

## भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार;-

- भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार (एनएआई) की स्थापना 11 मार्च, 1891 को कलकत्ता (अब कोलकाता) में इंपीरियल रिकॉर्ड डिपार्टमेंट के रूप में की गई थी।
- यह दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा अभिलेखीय भंडार है।
- यह देश की अभिलेखीय विरासत के संरक्षक के रूप में कार्य करता है और राष्ट्र के लिए स्थायी मूल्य के अभिलेखों को संरक्षित, सुरक्षित और सुलभ बनाने के लिए उत्तरदायी है।
- इसमें आधिकारिक दस्तावेजों, पांडुलिपियों, मानचित्रों, तस्वीरों और दृश्य-श्रव्य सामग्रियों सहित ऐतिहासिक अभिलेखों का एक विशाल संग्रह है।
- यह 11वीं शताब्दी के अभिलेखों को संरक्षित करता है, जो भारत के समृद्ध सांस्कृतिक, राजनीतिक और प्रशासनिक इतिहास की जानकारी प्रदान करता है।
- यह अपनी वेबसाइट और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अनुसंधान सुविधाएं, संदर्भ सेवाएं और डिजिटलीकृत अभिलेखों तक पहुंच प्रदान करता है।
- इसे 1911 में कोलकाता से नई दिल्ली स्थानांतरित कर दिया गया।



# लाल सागर

ईरान समर्थित यमन के हूती चरमपंथियों ने दावा किया कि उन्होंने लाल सागर में तीन जहाजों और दो अमेरिकी विध्वसंक जहाजों पर हमला किया है।

हूती चरमपंथियों ने जहाजों पर अपने हमलों को गाजा में इजरायली अभियान के खिलाफ फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता के रूप में बताया है।




## लाल सागर ;-

- **अवस्थिति:** लाल सागर एक अर्ध -संलग्न उष्णकटिबंधीय बेसिन है, जो अफ्रीका और एशिया के मध्य में स्थित है।
- **भौगोलिक सीमाएँ:** लाल सागर मिस्र, सऊदी अरब, यमन, सूडान, इरिट्रिया और जिबूती से घिरा हुआ है।
- लाल सागर दुनिया के सबसे खारे जल निकायों में से एक है।
- लाल सागर दरार के नीचे स्थित है, जो ग्रेट रिफ्ट घाटी का हिस्सा है।
- इसमें बड़ी प्रवाल भित्तियाँ हैं जो विभिन्न प्रकार के पौधों और जानवरों का घर हैं, जिनमें हॉक्सबिल कछुए, लाल शेर मछली और क्लाउनफिश शामिल हैं। यह उत्तर में स्वेज नहर के माध्यम से भूमध्य सागर से जुड़ा हुआ है।
- यह शुरुआती मिस्र के समुद्री वाणिज्य में महत्वपूर्ण था और इसे पानी के रूप में इस्तेमाल किया जाता था।



# चक्रवाती तूफान 'रेमल'


बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवात 'रेमल' से भारत के बंगाल और बांग्लादेश में जान-माल को काफी नुकसान पहुंचा है।

बंगाल की खाड़ी में उत्पन्न इस उष्णकटिबंधीय चक्रवात का 'रेमल' नाम ओमान ने दिया है। अरबी भाषा में इसका अर्थ 'रेत' होता है।




## उष्णकटिबंधीय चक्रवात;-

- ये तीव्र घूर्णन गति वाले तूफान होते हैं। ये उष्णकटिबंधीय महासागरों के ऊपर उत्पन्न होने वाली बिना वाताय वाली निम्न दाबयुक्त प्रणाली हैं।
- इन्हें हिंद महासागर क्षेत्र में चक्रवात (साइक्लोन), अटलांटिक में हरिकेन, पश्चिमी प्रशांत एवं दक्षिण चीन सागर में टाइफून और पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में विली-विलीज के रूप में जाना जाता है।
- चक्रवात इनके केंद्र अर्थात् इनकी आँख के ऊपर चारों ओर निर्मित कपासी वर्षी मेघों में संघनन से ऊर्जा प्राप्त करते हैं।




- किसी चक्रवात के केंद्र के शांत क्षेल को "चक्रवात की आँख" कहते हैं। यह बादलों से मुक्त क्षेत्र होता है और इसमें पवन का वेग बहुत कम होता है।
- जब ये चक्रवात भूमि पर पहुंचते (लैंडफॉल) हैं, तो उनमें आर्द्रता की आपूर्ति बंद हो जाती है और चक्रवात कमजोर हो जाता है।

## उत्पत्ति के लिए अनुकूल परिस्थितियां:-

- 27 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान वाली विशाल समुद्री सतह।
- **कोरिओलिस बल की उपस्थिति;-**
  - कोरिओलिस बल की अनुपस्थिति के कारण भूमध्य रेखा के निकट उष्णकटिबंधीय चक्रवात नहीं बनते हैं। पवन की ऊर्ध्वाधर गति में लगातार होते छोटे बदलाव;
- पहले से मौजूद कमजोर निम्न दाब वाला क्षेत्र आदि।

## मौसम चेतावनियां:-

- **ग्रीन:** चक्रवात पूर्व निगरानी, यह चेतावनी 72 घंटे पहले जारी की जाती है।
- **येलो:** चक्रवात अलर्ट, यह चेतावनी कम-से-कम 48 घंटे पहले जारी की जाती है।
- **ऑरेंज:** चक्रवात वॉर्निंग, यह चेतावनी कम-से-कम 24 घंटे पहले जारी की जाती है।
- **रेड:** पोस्ट लैंडफॉल आउटलुक, कम-से-कम 12 घंटे पहले जारी किया जाता है।

## चक्रवातों का नामकरण;-

- संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) ने चक्रवात नामकरण की प्रक्रिया को अपनाया है।
- किसी महासागरीय बेसिन के लिए जिम्मेदार संस्था उष्णकटिबंधीय चक्रवात क्षेत्रीय निकाय (TCRB) द्वारा चक्रवात के नामों की एक सूची तैयार की जाती है।
- उष्णकटिबंधीय चक्रवातों पर WMO/ESCAP पैनल पांच उष्णकटिबंधीय चक्रवात क्षेत्रीय निकायों (TCRBs) में से एक है। यह उत्तरी हिंद महासागर (बंगाल की खाड़ी और अरब सागर) में उष्णकटिबंधीय चक्रवातों का नामकरण करता है।
- इसके सदस्यों में बांग्लादेश, भारत, मालदीव, म्यांमार, पाकिस्तान, श्रीलंका, ओमान, थाईलैंड, ईरान, कतर, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और यमन शामिल हैं।
- सभी सदस्य देशों द्वारा 13 नामों की एक सूची प्रदान की जाती है, जिनका क्रमिक रूप से उपयोग

## डेली करंट अफेयर्स प्रश्नोत्तरी

1. हाल ही में GAIL (इंडिया) लिमिटेड ने कहाँ भारत का पहला ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट चालू किया है ?

(अ) मध्य प्रदेश (ब) छत्तीसगढ़
(स) राजस्थान (द) उड़ीसा

उत्तर-मध्य प्रदेश

2. हाल ही में कौन MONACO GP-2024 के विजेता बने हैं ?

(अ) कार्लोस सैंज (ब) ऑस्कर पियास्त्री
(स) चार्ल्स लेक्लर (द) कोई नहीं

उत्तर-चार्ल्स लेक्लर

3. हाल ही में WHO ने कहाँ 'वॉक द टॉक' योग सत्र कार्यक्रम का आयोजन किया है ?

(अ) लंदन (ब) पेरिस
(स) जिनेवा (द) नई दिल्ली

उत्तर-जिनेवा

4. अल्लामे हलीना किस देश के नए प्रधान मंत्री बने हैं?

(अ) चाड (ब) ग्वाटेमाला
(स) डेनमार्क (द) चिली

उत्तर-चाड

5. ASMPA-R परमाणु क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किस देश ने किया है?

(अ) भारत (ब) फ्रांस
(स) यूक्रेन (द) अमेरिका

उत्तर-फ्रांस

6. ICC ने किस देश की मेजर लीग क्रिकेट को लिस्ट-A का दर्जा दे दिया है?

(अ) जापान (ब) अमेरिका
(स) वेस्ट इंडीज (द) नेपाल

उत्तर-अमेरिका

7. परर्माणु सुरक्षा पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (ICONS-2024) कहां आयोजित किया गया है?

(अ) वियना (ब) बीजिंग
(स) रियो डी जेनेरियो (द) फसानो

उत्तर-वियना

8. भारतीय सेना ने हाइड्रोजन फ्यूल सेल बस के लिए किसके साथ समझौता किया है?

(अ) IOCL (ब) BPCL
(स) HPCL (द) Adani Green

उत्तर-IOCL

9. किस राज्य सरकार ने गुटखा और पान मसाला पर एक साल का प्रतिबन्ध लगा दिया है?

(अ) कर्नाटक (ब) केरल
(स) तेलंगाना (द) तमिलनाडु

उत्तर-तेलंगाना

10. कर्मचारी चयन आयोग (SSC) के अध्यक्ष कौन बने हैं?

(अ) अजय बंगा (ब) सिद्धार्थ मोहंती
(स) राकेश रंजन (द) रमेश पोखरियाल

उत्तर-राकेश रंजन